वित्तीय सहायता

परिवारों के लिए सूचना

विक्टोरिया के हर बच्चे के लिए ज्ञानार्जन की दुनिया के वो अवसर सुलभ होने चाहिए जो स्कूल की कक्षा के बाहर मिलते हैं। कैम्प्स, स्पोर्ट्स तथा एक्सकर्शन्स (भ्रमण) फंड यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है कि कोई भी विद्यार्थी महत्वपूर्ण, शैक्षणिक और आनंददायक गतिविधियों के लिए अपने सहपाठियों के साथ शामिल होने से वंचित न रहे। यह विक्टोरिया को एक शिक्षण राज्य बनाने और विद्यार्थी की पृष्ठभूमि और उनके नतीज़ों के बीच लिंक को तोड़ने की सरकार की प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।

कैम्प्स, स्पोर्ट्स तथा एक्सकर्शन्स (भ्रमण) फंड (CSEF)

स्कूल कैम्प्स से बच्चों को बाहर अच्छी खुली जगहों पर प्रेरणादायक अनुभव हासिल होता है। एक्सकर्ज़न्स (भ्रमण)से इस बात की समझ और भी गहरी होती है कि ये दुनिया कैसे काम करती है जबकि स्पोर्ट्स मिल-जुल कर काम करना, अनुशासन और नेतृत्व सिखाते हैं। ये सभी एक मजबूत पाठ्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

स्कूल के ट्रिप्स, कैम्प्स और स्पोर्टिंग गतिविधियों की लागतें कवर करने में सहायता के लिए विक्टोरियाई सरकार पात्र परिवारों को CSEF प्रदान करती है।

अगर आपके पास, आय और संपत्ति के आकलन के बाद दिया गया एक वैध कन्सेशन कार्ड है या अपने घर पर नहीं रह पाने वाले विद्यार्थी की औपचारिक व्यवस्था के तहत सहायता करते हैं, तो आप CSEF के लिए पात्र हो सकते हैं। शरण चाहने वाले तथा शरणार्थी परिवारों के लिए एक विशेष विचार श्रेणी मौजूद है। यह अलाउंस, आपके बच्चे के फायदे के लिए कैम्प्स, एक्सकर्ज़शन्स (भ्रमण) या स्पोर्टिंग गतिविधियों से जुड़े खर्चों के लिए उपयोग हेतु स्कूल को दिया जाता है।

स्कूल में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए, प्रति विद्यार्थी वार्षिक CSEF राशि $400 है।

कैसे आवेदन करें

नए आवेदकों को CSEF आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए स्कूल के कार्यालय से संपर्क करना चाहिए अथवा नीचे दी गई वेबसाइट से इस फॉर्म को डाउनलोड करना चाहिए।

अगर आपने पिछले साल अपने बच्चे के स्कूल में CSEF के लिए आवेदन किया था, तो अगर आपकी पारिवारिक परिस्थितियों में बदलाव नहीं हुआ है तो आपको इस साल एक आवेदन पत्र भरने की ज़रुरत नहीं है।

यदि निम्नांकित में से कोई भी बदलाव हुआ है तो ही आपको आवेदन पत्र भरने की ज़रूरत है:

- **नए विद्यार्थी नामांकन**: आपके बच्चे ने इस साल स्कूल जाना शुरु किया है या स्कूल बदला है।
- **पारिवारिक परिस्थितियाँ बदल गई हैं:** जैसे कि संरक्षण कस्टडी का बदलाव हुआ है, नाम या कन्सेशन कार्ड नंबर बदल गया है, अथवा छोटा भाई या बहन इस साल स्कूली पढ़ाई शुरु कर रहे हैं।

अगर आपको असमंजस है तो स्कूल से पता करें

अधिक जानकारी

CSEF के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट पर जाएँ:
https://www.vic.gov.au/camps-sports-and-excursions-fund